हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 13 अक्टूबर 2024


तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


रामलीला में नौवें दिन सती सुलोचना परीक्षा का मंचन 10





बिरकोनी में जंवारा का विसर्जन 10







B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065








**पर्व : 52 फीट ऊंचे रावण के पुतले का हुआ दहन, आतिशबाजी की छटा आसमान में बिखरी**

# असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है विजयादशमी

## दूर-दूर तक सुनाई दी पटाखों की आवाज, लोगों ने सोना लूटा और एक-दूसरे को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

दशहरा का पर्व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक माना जाता है। दशहरा पर्व जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। इसी तरह नगर पंचायत कसडोल के रावण मैदान में 52 फीट ऊंचे रावण का वध कर दशहरा उत्सव मनाया गया। इसमें विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू चंदन साहू ने की। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि में पूर्व विधायक अरुण मिश्रा मौजूद थे। इस अवसर पर रामलीला मंडली द्वारा रावण वध का मंचन कर बुराई के प्रतीक रावण का पुतला दहन किया गया। तत्पश्चात दशहरा उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा भव्य आतिशबाजी की गई। साथ ही इस अवसर पर गौ सेवा में समर्पित टिकेश्वर वर्मा, सामाजिक सरोकार पर अनुराग मिश्रा, नेशनल खो-खो विजेता एवं पंकज विक्रम अवार्ड से सम्मानित अंकिता पटेल, 40 वर्षों से अपनी सेवा दे रही लीला मंडली बगदेवी पारा कसडोल को सम्माननीय अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्माननित किया। इसके अलावा लंबी कूद के लिए नवापारा के राम पटेल, देवरीकला के केशव कैवर्त्य को सूची सेल्स के द्वारा मेमोंट और पुरस्कार की राशि दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

नगर के सुविख्यात दशहरा उत्सव में आने वाली भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था कर रखी थी। किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो इसके लिए आसपास से अतिरिक्त पुलिस बल मंगाया गया था। थाना प्रभारी रितेश मिश्रा कार्यक्रम स्थल पर लगातार निगरानी कर रहे थे। किसी भी तरह के उपद्रव से निपटने के लिए प्रशासन ने दशहरा मैदान एवं मुख्य मार्ग में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किए थे। कार्यक्रम के दौरान किसी तरह की स्वास्थ्य समस्याओं पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ. सुभाष साहू, कोमल साहू, राजेश्वरी साहू मौजूद रहें।



### हमें अपने जीवन में कभी बुरे कर्म नहीं करना चाहिए : विधायक

कार्यक्रम में संदीप साहू ने क्षेत्रवासियों को दशहरा पर्व की बधाई दी और कहा कि विजयादशमी का यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। हम सभी को इस दिन से सीख लेनी चाहिए कि हमें अपने जीवन में कभी बुरे कर्म नहीं करना चाहिए, क्योंकि बुराई का अंत भयानक होता है। उन्होंने दशहरा उत्सव समिति के भव्य आयोजन के लिए सराहना की तथा राम लीला मंडली के सदस्यों को शुभकामनाएं दी। साथ ही विधायक साहू ने मंच से असामाजिक तत्वों को चेताते कि नगर में जुआ, सट्टा, शराब, रेत खनन सहित नगर में पोस्टर रूपी रावण का अंत होना चाहिए। साथ ही चाकूबाजी जैसे गुंडागर्दी भी खत्म हो।





### असत्य पर हुई सत्य की विजय : नपं अध्यक्ष

इसके बाद नगर पंचायत की अध्यक्ष नीलू चंदन साहू ने उपस्थितजनों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि असत्य पर सत्य की जीत ही विजयादशमी का पर्व है। समिति के अशोक यादव ने विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दशहरा का पर्व असत्य पर सत्य की जीत, अधर्म पर धर्म की जीत एवं अन्याय पर न्याय की जीत का पर्व है। यह पर्व हमें अहंकार को समाप्त कर सत्य के मार्ग पर चलने की सिख देता है। वहीं समिति के सदस्य भावेश यादव ने नगरवासियों को दशहरा उत्सव की बधाई देते हुए अहंकार, बुराई को छोड़कर सत्य के मार्ग पर चलने संकल्पित होने की बात कही।इस मौके पर अशोक यादव, चंदन साहू, निरेन्द्र क्षत्रिय, कमल पटेल, भानु प्रताप साहू, भावेश यादव, द्वारिका निर्मलकर, रामकिशन साहू, लक्ष्मण मिश्रा, कुशल साहू, बसंत श्रीवास, हरिराम कैवर्त्य, राजेन्द्र साहू, प्रशांत जायसवाल, सुनील साहू, नंदकुमार धीवर, जय साहू, संदीप यादव मोती लाल बंजारे, हेमंत बघेल, देव प्रसाद साहू, हरि साहू, सूर्या यादव, गुड्डा जायसवाल, मुकेश नानु भारती, कोमल साहू, दिलहरण साहू, मनोज साहू, धमेन्द्र साहू सहित दशहरा उत्सव समिति के सदस्यगण, रामलीला मंडली के सदस्यगण, नगरवासी एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### आतिशबाजी मोबाइल में कैद करने मची होड़

लगभग एक घंटे तक चलती रही रंग बिरंगी आतिशबाजी के नजारे को लोग अपने-अपने मोबाइल में कैद करने एक क्षण भी नहीं गंवा रहे थे। हर एक आतिशबाजी को अपने मोबाइल फोन पर कैद करने लोगों में होड़ मची थी। मैदान में मौजूद लोग अपने मोबाइल फोन के कैमरों से आतिशबाजी के पल को रिकॉर्डिंग करने में जुटे थे।



## 50 फीट रावण पुतला का हुआ दहन



**बलौदाबाजार।** अंधकार पर प्रकाश की जीत और असत्य पर सत्य की विजय पर्व दशहरा के अवसर पर दशहरा मैदान में करीब 50 फीट रावण का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर दशहरा उत्सव समिति द्वारा रामलीला का भी मंचन किया गया।

## दशहरा उत्सव पर रामलीला का मंचन

**भाटापारा।** नगर का गौरव पर्व में से एक दशहरा पर्व माना जाता है। लम्बे दशकों से रामलीला नाट्यशाला के साथ छोटे-छोटे अदाकारा अपने अभिनय से नागरिकों को रामायण की पाठ दिखाते हैं। शनिवार को अंतिम दिन रावण वध का अभिनय कलाकारों द्वारा रावणभाटा मैदान में दिखाया गया। लगभग 105 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक रामलीला में रावण वध दशहरा उत्सव का संक्षेप में लीला प्रदर्शन दिखाया गया।

### हजारों की संख्या में पहुंचे लोग

रावतभाटा में रावण वध के दौरान हजारों की संख्या में जनमानसकों की भीड़ देखी गई। लोगों ने मेला का आनंद उठाया और अपने परिवारजनों के साथ भारतीय परंपरा के गौरवशाली इतिहास को महसूस किया। नगर के प्रतिष्ठित लोगों ने इस उपलक्ष्य पर अपने विचार को रामायण के साथ लोगों के बीच रखा। प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था से नागरिकों ने सुव्यवस्थित व्यवस्था की तारीफ की।

### पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा

रावतभाटा मैदान में पुलिस बल भी हर चौक चौराहों पर अपनी सेवा देते नजर आए। भाटापारा पुलिस प्रशासन द्वारा भी व्यवस्थित सुरक्षा व्यवस्था स्थापित की गई, ताकि किसी को असुविधा न हो।





## विजयादशमी पर पुलिस ने किया शस्त्र पूजन



**बलौदाबाजार।** यहां रक्षित केंद्र में विजयादशमी पर्व पर शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा शस्त्रों का पूजन कर सुख एवं शांति की मंगल कामना की गई। अधीक्षक द्वारा समस्त जिलेवासियों को विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में सदैव पुलिस बल का सहयोग करने अपील की गई। इस दौरान शस्त्र पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं भाटापारा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित था।

## खबर संक्षेप

### तहसील साहू समाज की बैठक आज

**नवापारा-राजिम।** तहसील साहू समाज अभनपुर की बैठक आज 13 अक्टूबर को बेलभाठा में रखा गया है। यह जानकारी देते हुए पूरन साहू ने बताया कि बैठक में सामाजिक एकजुटता पर चर्चा होगी तथा सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला ग्रामीण साहू संघ अध्यक्ष देवनाथ साहू, भेखराम साहू, तोषण साहू, डॉ. मनीष साहू, तहसील साहू समाज के अध्यक्ष ब्रह्मानंद, तुलेश साहू, लोकेश साहू, हेमलता साहू मौजूद रहेंगे।

### गजामूंग दावना कार्यक्रम आज

**पाटसिवनी।** (पिपरहट्ठा)। ग्राम पंचायत पिपरहट्ठा में नवरात्रि के अवसर पर 13 अक्टूबर को नवयुवा क्रांति एवं समस्त ग्रामवासी के द्वारा गजामूंग दावना योगेश्वर निर्मलकर, सेवक राम यादव का लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।

### स्वास्थ्य केंद्र खड़मा में 24 घंटों के भीतर गूंजी चार किलकारी



**मुड़ागांव(कोरासी)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड़मा में अष्टमी - नवमी तिथि पर चारों बच्चों का सुरक्षित कराया गया। जहां बच्चों की किलकारी गूजी ग्राम केड़ीआमा के दुलेश्वरी बाई साहू ने तीन किलो का स्वस्थ लड़का, ग्राम लोहझर सावेत्री कोमर्रा ने दो किलो पांच सौ ग्राम का और ग्राम करकरा निवासी प्रेमलता निषाद ने दो किलो छै सौ ग्राम का लड़की और गुनमति दीवान ने तीन किलो का स्वस्थ लड़का हुआ। जिसमें दो लड़का और दो लड़की पैदा हुए। स्टाप के डाक्टर भावेश पटेल, डाक्टर महावीर प्रसाद, बरगाह स्टाप नर्स पुर्णिमा ध्रुव, वार्ड आया कुमारी मोगरा ने बताया की ये चारों डिलीवरी 24 घंटे के अंदर में कराई गई है और सभी जच्चा बच्चा स्वस्थ हैं और सभी बच्चों को वैक्सीनेशन कराया गया।

## मां दुर्गा को दी गई विदाई

**गोपालपुर।** नवरात्रि पर्व के अंतिम दिवस दशहरा पर्व पर मां दुर्गा विसर्जन मांदर की थाप पर धूमधाम से किया गया। विसर्जन के दौरान गांव की महिलाएं झूमते नजर आयी। गांव की राम लीला मंडली चौक में विराजित मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन ताबा तालाब में किया गया। नवरात्रि पर्व के दौरान गत नौ दिनों तक पूरा गांव भक्ति में डूबा रहा तथा रात्रि में झाकी की प्रस्तुति दी गई। दुर्गा विसर्जन पश्चात शाम को रावण दहन किया गया।



# गुरु दर्शन मेला में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गुरु घासीदास की कर्मभूमि एवं सतनामी पंथ के संत अमरदास की तपोभूमि तेलासी धाम में आयोजित गुरु दर्शन मेला में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। मुख्यमंत्री के पहुंचने पर हेली पैड स्थल पर जिलाधीश दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। उन्होंने गुरु गद्दी की पूजा–अर्चना कर नमन कर छत्तीसगढ़वासियों की खुशहाली और तरक्की के लिए कामना की। इस अवसर पर तेलासी पुरी धाम सर्वोच्च गुरु गद्दीनशीन आसम दास साहेब, कलेक्टर, एसपी सहित बड़ी संख्या में राजमहन्त, संत और श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सकरी में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

**बलौदाबाजार।** ग्राम पंचायत सकरी में नौ दिनों तक विराजित दुर्गा प्रतिमाओं का शनिवार को धूमधाम के साथ विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान सभी दुर्गोत्सव समितियों के सदस्य उपस्थित थे।




हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### ग्राम मटिया में अष्टमी पर किया हवन-पूजन

**रायपुर।** अष्टमी पर पारंपरिक तौर पर हवन का आयोजन किया गया। रायपुर और आसपास गांवों में जगह-जगह हवन कार्यक्रम किए गए। रायपुर से लगे ग्राम मटिया के रहवासियों ने हवन किया और माता से सर्वकल्याण की कामना की। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधो वर्मा ग्रामीणों ने मौजूद रहे।

### प्रेस क्लब में आज पत्रकार- परिवार के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर

**रायपुर।** प्रेस क्लब में रविवार को पत्रकारों एवं उनके परिजनों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित है, जहां ईको, इसीजी एवं अन्य जांच निशुल्क की जाएगी। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें अचानक ही हार्ट अटैक से जान चली गई है। कुछेक पत्रकार भी इसके शिकार हुए हैं। इस वजह से शरीर और खासकर हृदय का ध्यान रखना आवश्यक है। शिविर में दांतों एवं आंखों की जांच भी की जाएगी।

### केंद्रीय करों में राज्य का हिस्सा प्रदेश का अधिकार

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक



बैज ने कहा, 6070 करोड़ केंद्र ने जो राज्यांश की राशि दी है, वह छत्तीसगढ़ से वसूले गए टैक्स का हिस्सा है। केंद्रीय करों में राज्य का हिस्सा प्रदेश का अधिकार है, एहसान नहीं। भाजपाई चाटुकारिता में इसे राज्य को उपहार बता रहे हैं। विगत 10 महीनों की भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ को कर्ज में डुबाया, अमानत बेची, आरबीआई की सिक्योरिटी बेची, उसके बाबजूद पूर्ववर्ती सरकार की दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं बंद की और अब दलीय चाटुकारिता में केंद्रीय करों में राज्य को मिलने वाली हिस्सेदारी को उपहार बताकर भाजपा के नेता छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को अपमानित कर रहे हैं। भाजपा का चरित्र सहकारी संघवाद के खिलाफ है, संविधानिक व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत है, राज्यों के आर्थिक हितों के खिलाफ केंद्र सरकार लगातार अधिनायकवादी रवैया अपना रही है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेता मौन हैं।

### सत्यापन के लिए नहीं आ रहे फार्मासिस्ट

**रायपुर।** ऑफलाइन मोड में जमा आवेदनों के निराकरण के लिए दस्तावेज सत्यापन कराने फार्मासिस्ट फार्मेसी कार्यालय नहीं आ रहे हैं। रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर ने बताया कि 30 सितंबर को इसकी सूचना प्रसारित की गई थी, फिर भी कई आवेदकों द्वारा यहां उपस्थित होकर पंजीयन क्रमांक प्राप्त नहीं किया गया है। ऐसे आवेदकों को 18 अक्टूबर तक का अंतिम अवसर दिया गया है, ताकि वे समस्त मूल दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन कराकर फार्मासिस्ट पंजीयन क्रमांक प्राप्त कर लें। उन्होंने बताया कि इसके बाद ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों के पंजीयन क्रमांक का वितरण 21 अक्टूबर से प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### मवेशी का शिकार करते तेंदुआ कैमरे में हुआ कैद

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में वनविभाग द्वारा जंगल के भीतर लगाए गए कैमरा में एक तेंदुआ द्वारा मवेशी का शिकार करते तस्वीर कैद हुआ है। जिसकी पुष्टी उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने किया है।

### गणेशपुर में नाचा कार्यक्रम आज

**जीजामगांव।** ग्राम गणेशपुर में 13 अक्टूबर रविवार को रावण वध होगा। रात्रि में जय मां सरस्वती छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी सुखरी डबरी उड़ीसा की मनमोहक प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष रामनारायण ध्रुव, कोषाध्यक्ष गौकरण साहू, संरक्षक मिथिलेशपुरी गोस्वामी, सलाहकार डॉ ललित निषाद, जीवनलाल साहू ग्राम पटेल, सरपंच रेखा कल्याण यादव, उपसरपंच हरिराम गेंडरे, गरीबाराम, जगदीशराम, लीलाराम, सालिकराम ध्रुव सहित आयोजक समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

# सरकारी कर्मियों से चुनावी वादा निभाने की पहल, कमेटी की पहली बैठक 15 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा ने राज्य के सरकारी कर्मियों से वादा किया था कि भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य के शासकीय कर्मियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए 100 दिनों के भीतर एक कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी बनने के बाद अब इसकी पहली बैठक 15 अक्टूबर को रखी गई है।

हालांकि अभी ये साफ नहीं है कि कर्मियों की किन समस्याओं, मांगों पर कमेटी विचार करेगी। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि इस बैठक का कोई एजेंडा जारी नहीं किया गया है।

## कर्मचारी नेताओं का कहना- कमेटी की बैठक में कोई एजेंडा नहीं

### सात महीने पहले बनी थी कमेटी

भाजपा सरकार ने अपने वादे के मुताबिक सरकार के कार्यकाल के सौ दिन होने पर मार्च में कमेटी का गठन कर दिया था। इस कमेटी की अध्यक्ष प्रमुख सचिव निहारिका बारिक हैं। कमेटी में प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी विभाग, सचिव सामान्य प्रशासन, सचिव वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग शासकीय कर्मचारी कल्याण शाखा के सचिव को शामिल किया गया है।




### इन संगठनों को बुलावा

प्रमुख सचिव निहारिका बारिक की अध्यक्षता वाली कमेटी ने इस बैठक में प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ और तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के दो-दो प्रतिनिधियों को बुलाया है। यह बैठक 15 तारीख को मंत्रालय में दोपहर 3 बजे से रखी गई है।

### मांगें और समस्याएं हैं कई

हालांकि निहारिका बारिक कमेटी की बैठक के लिए कोई एजेंडा जारी नहीं किया गया है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि किन मुद्दों पर बैठक होगी, ये साफ नहीं है। हालांकि दूसरी ओर देखा जाए, तो राज्य के शासकीय कर्मचारियों का एक बड़ा वर्ग अपनी कई मांगों को लेकर आंदोलित है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की मांग है कि शासकीय कर्मियों को चार प्रतिशत डीए दिया जाए। इसके साथ ही 2019 से लेकर अब तक डीए का एरियर्स दिया जाए। इसके साथ ही 300 दिनों का अर्जित अवकाश नगदीकरण और चार स्तरीय समयमान वेतन तथा केंद्र के समान गृहभाड़ा की मांग प्रमुख है। इन मांगों को लेकर आंदोलित कर्मचारी पिछले दिनों एक दिन के लिए कलमबंद हड़ताल कर सभी सरकारी दफ्तरों का कामकाज एक दिन के लिए बंद कर चुके है। अब फेडरेशन 20 अक्टूबर को फिर एक बैठक करके क्रमबद्ध आंदोलन को आगे बढ़ाने की रणनीति तैयार करने वाला है। इसी तरह विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों की अलग-अलग मांगें व समस्याएं हैं।

# मेडिकल और डेंटल के पीजी डाक्टर देंगे शपथपत्र नहीं करते प्रायवेट प्रेक्टिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरकारी अस्पतालों में पदस्थ होने के बाद निजी अस्पतालों में सेवा देने का मोह नहीं छोड़ पाने वाले डाक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग सख्त कदम उठा रहा है। डाक्टरों के बाद सरकारी मेडिकल कालेज के पीजी छात्रों से पाठ्यक्रम अवधि के दौरान प्राइवेट प्रेक्टिस नहीं करने का शपथपत्र मांगा है। उन पर निगाह रखने की जिम्मेदारी डीन और विभागाध्यक्ष को दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सरकारी अस्पताल की सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सख्त रवैया अपना रहे हैं। उनके द्वारा निजी अस्पतालों में जाकर सेवा देने वाले डाक्टरों पर लगाम कसने के विभिन्न कदम उठाए गए हैं। हाल ही में नॉन प्रेक्टिस अलाउंस लेने वाले चिकित्सकों और भत्ता छोड़कर प्राइवेट अस्पताल में सेवा देने वाले डाक्टरों की मेडिकल कालेज स्तर पर सूची जारी की गई है। पिछले दिनों मेडिकल के साथ डेंटल कालेज में पीजी की पढ़ाई करने वाले छात्रों को निजी अस्पतालों से दूर रखने के लिए सख्ती दिखाई गई है। उन्हें अपना समय पढ़ाई पर फोकस करने निर्देशित करते हुए इस संबंध में शपथपत्र देने कहा गया है कि वे पाठ्यक्रम की अवधि के दौरान निजी प्रेक्टिस अथवा अन्य अस्पतालों नौकरी नहीं करेंगे। छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर चिकित्सा प्रवेश नियम एवं विवरणिका 2021 अनुसार इसे प्रतिबंधित किया गया है। आदेश के अंतर्गत सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं और प्राचार्य दंत चिकित्सा महाविद्यालय को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं इस नियम का कड़ाई से पालन करें।



- सरकारी डाक्टरों के निजी अस्पताल के मोह पर सख्त हुआ विभाग

## स्वच्छता में जनभागीदारी बढ़ाने रेलवे कर रहा स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल की पहल

# रेलवे स्टेशनों पर अब स्वच्छता चौपाल, अफसरों को देंगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्टेशनों में स्वच्छता को लेकर रेलवे बोर्ड, लगातार अभियान चला रहा है। इसी क्रम में अब रेलवे देश के सभी स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल लगाने जा रहा है, इसमें समावेशिता व 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा जैसे मुद्दों मंथन किया जाएगा। इसे लेकर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने सभी महाप्रबंधकों व मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिया। विशेष अभियान 4.0 के तहत छोटे और बड़े देश के सभी स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल से जोड़ा जाएगा। चौपाल में जन प्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत और शहरी निकाय के प्रतिनिधियों के साथ-साथ संबंधित क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित कर स्टेशन की स्वच्छता में बेहतरी हेतु सुझाव लिए जाएगा, जिससे स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सके।

हरिभूमि सरोकार

रेलवे का कहना है कि रेल चौपाल यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी, जो यात्रियों को सुरक्षा एवं स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूक करेगी। यह सामुदायिक संवाद का एक मंच प्रदान करता है, जहां यात्री अपनी समस्याएं तथा सुझाव सीधे रेलवे अधिकारियों से साझा कर सकते हैं। इससे समस्या समाधान की प्रक्रिया को भी त्वरित बनाने में मदद मिलेगी।

## रेलवे बोर्ड के चेयरमैन व सीईओ सतीश कुमार ने देश के सभी मंडल और जोन को दिए निर्देश

### अभियान का दूसरा चरण 31 से

विशेष अभियान 4.0 का दूसरा चरण 2 अक्टूबर 2024 से 31 अक्टूबर 2024 तक चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता है, जिसके तहत यात्रियों के साथ सीधा संवाद कर उन्हें साफ-सफाई, रेलवे सुरक्षा एवं रेलवे परिसर में उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही, यात्रियों व स्थानीय जनता से संबंधित सुविधाओं, समस्याओं के संबंध में जानकारी लेकर भारतीय रेल उनमें सुधार की ओर अग्रसर होगा।इसके तहत सभी नोडल अधिकारियों एवं रेलवे अधिकारियों को विशेष अभियान 4.0 की सफलता हेतु सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय रेल के बेहतरीन प्रदर्शन व उच्च मानक को स्थापित करना है।

### ग्राम पंचायत व शहरी निकाय के प्रतिनिधियों से करेंगे चर्चा




### समय और लागत दोनों में कमी आएगी

इस कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल के माध्यम से समावेशिता को प्राथमिकता देते हुए कार्यस्थलों की स्वच्छता एवं 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा जैसे मुद्दों पर ध्यान देना है। इस विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत दक्षता को बढ़ाते हुए संचालन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जा रहा है, जिससे समय व लागत दोनों में कमी आएगी। डेटा प्रबंधन में सुधार के साथ, डेटा संग्रह, विश्लेषण और भंडारण की प्रक्रिया को बेहतर बनाया जा रहा है। डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से जानकारी और सेवाओं की सुलभता बढ़ाई जा रही है, जो नवाचार नए व्यावसायिक मॉडलों एवं सेवाओं को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। इसके अतिरिक्त ऑटोमेशन से विभिन्न कार्यों में तेजी व कुशलता लाने में मदद मिलेगी।

# नक्सली विस्फोट में गंवा चुके थे पैर, सरकार ने लौटाई चलने की ताकत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नक्सलियों द्वारा बिछाए गए बारूदी जाल में फंसकर पैर गंवा चुके आधा दर्जन ग्रामीणों को कृत्रिम पैर लगवाकर सरकार ने चलने की ताकत वापस दिलाई। माना के रिहैबिलिटेशन सेंटर में कृत्रिम पैर से चलने की ट्रेनिंग लेकर बस्तर के आधा दर्जन ग्रामीण उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिलने उनके निवास पहुंचे।

- कृत्रिम पैर लगाकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा से मिलने पहुंचे पीड़ित

बस्तर क्षेत्र के 70 नक्सल पीड़ितों ने बस्तर शांति समिति की पहल पर सितंबर में दिल्ली जाकर जंतर मंतर में प्रदर्शन करने के साथ ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर बस्तर में शांति की गुहार लगाई थी। वापसी पर उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने मुलाकात कर हौसला बढ़ाने के साथ और आईईडी ब्लास्ट में पैर गंवाने वालों को कृत्रिम पैर लगवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। समाज कल्याण विभाग के सहयोग से पहले चरण में कृत्रिम पैर लगाने के लिए बस्तर से 9 नक्सल पीड़ितों का आना तय हुआ था, किंतु व्यक्तिगत कारणों से 3 नहीं पहुंच पाए। बीजापुर के गुड्डू लेकाम, अवलम मारा, सोमली खत्री, खैरकम जोगा, राजाराम तथा सुकमा के सुक्की मड़कम को फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर समाज कल्याण परिसर माना कैंप रायपुर में कृत्रिम पैर लगाए गए। अपने पैरों से खुद चलने के काबिल होने के बाद वे उपमुख्यमंत्री के निवास पहुंचे और अपनी भावना व्यक्त की।

# शहर में बढ़ा गांजा का कारोबार महिला सहित 3 गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से 6 किलो 266 ग्राम गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में गांजा का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। ओड़िशा, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों से प्रतिबंधित गांजा की खेप चोरी छिपे रायपुर सहित कई जिलों में लाकर खपाई जा रही है।

इस कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए रायपुर पुलिस लगातार अभियान चला रही है और इससे जुड़े लोगों को गिरफ्तार भी किया जा रहा है। इसके बाद भी इसका कारोबार थम नहीं पा रहा है। पुलिस ने शुक्रवार को शहर के अलग-अलग इलाके से एक महिला सहित तीन लोगों को 6 किलो 266 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।



*महिला से 2 किलो 166 ग्राम गांजा बरामद : एक मामले में गोलबाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को डीकेएस अस्पताल के पीछे पार्किंग के पास एक काला थैला लेकर खड़ी महिला को हिरासत में लेकर जब उसके थैला की तलाशी ली, तो उसमें गांजा भरा हुआ था। थैले में 2 किलो 166 ग्राम गांजा था, जिसकी कीमत 24 हजार रुपए बताई गई है। पूछताछ में महिला ने अपना नाम आबेदा बी पति सैयद साहिद बताया। वह लाखे नगर मैदान के पास आश्रम रोडका के पास रहती है। पूछताछ में महिला ने यह भी बताया कि वह गांजा बेचने के लिए वहां ग्राहक तलाश कर रही थी।*

### तेलीबांधा क्षेत्र में 2 व्यक्ति से 4 किलो 100 ग्राम जब्त

तेलीबांधा पुलिस ने लभांडी स्थित आबकारी कार्यालय के पास दिलीप निषाद 33 वर्ष निवासी लभांडी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। इसी प्रकार राम यादव उर्फ बाबा 47 वर्ष निवासी श्यामनगर दुर्गा मंदिर के कब्जे से 2 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। इस तरह दोनों आरोपियों के कब्जे से जब्त गांजा की कीमत 41 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने तीनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# स्वास्थ्य विभाग में फर्जी भर्ती, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जांच समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

करीब आठ साल पहले अविभाजित रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद में स्वास्थ्य विभाग में हुई फर्जी भर्ती के बर्खास्तगी मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर पांच समिति का गठन किया गया है। बर्खास्त कर्मचारियों की रिट अपील के आधार पर आए फैसले के विरुद्ध शासन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आधार पर पांच सदस्यीय विभागीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। समिति द्वारा संबंधितों को व्यक्तिगत रूप से सुनवाई का मौका देने के लिए 19 अक्टूबर को सीएमएचओ कार्यालय बलौदाबाजार में बैठक रखी गई है। वर्ष 2021 में तीनों जिले में भर्ती स्वास्थ्य विभाग में वार्ड ब्वॉय सहित विभिन्न पदों पर भर्ती हुई थी। शिकायत के आधार पर मामले की जांच हुई और वर्ष 2016 में गठित जांच कमेटी की अनुशंसा के आधार पर नियुक्ति को अवैध मानते हुए 121 लोगों की को शासकीय सेवा से पृथक कर दिया गया था।



### आठ साल पहले 121 अभ्यर्थियों को किया गया था बर्खास्त

इस मामले में 20 लोगों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने शासन के आदेश को सही ठहराया था। इस आदेश के खिलाफ बर्खास्त कर्मचारियों ने रिट याचिका दायर की थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट की डबल बेंच ने आदेश जारी किया था, जिसके खिलाफ शासन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) प्रस्तुत किया गया था। आवेदन का निपटारा करते हुए उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्तियों की जांच 6 माह में पूरी कर फैसला लेने का निर्देश जारी किया गया था।

### चार नए शासकीय मेडिकल कालेज बनाने की तैयारी

**रायपुर।** राज्य में ज्यादा से ज्यादा संख्या में डाक्टर तैयार करने और चिकित्सा सुविधा का विस्तार करने चार जिलों में मेडिकल कालेज बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। जांजगीर चांपा, कबीरधाम, मनेंद्रगढ़ और दंतेवाड़ा के गीदम में नया कालेज भवन बनाने के लिए 1012 करोड़ का प्रावधान किया गया है। काम शुरू करने निर्माण एजेंसी तय करने के लिए ई-टेंडर भी जारी कर दिया गया है। अभी प्रदेश में दस शासकीय मेडिकल कालेज में चिकित्सा की पढ़ाई हो रही है। आने वाले दिनों में इसकी संख्या बढ़कर 14 हो जाएगी, जिससे ज्यादा से ज्यादा चिकित्सक तैयार हो सकेंगे। इसके साथ ही दूरवर्ती जिलों में रहने वालों को बीमारी के इलाज के लिए लंबा सफर तय नहीं करना पड़ेगा। इन जिलों में रहने वालों को अपने क्षेत्र में चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध मिलेगी। इन जिलों में कालेज भवन तैयार करने के लिए स्थानीय प्रशासन की मदद से जमीन का चिन्हाकंन कर लिया गया था।

### 10 महीनों में ही भाजपा सरकार फेल : शुक्ला

**रायपुर।** राज्यपाल द्वारा छत्तीसगढ़ में इन्वेस्टर मीट के लिए केंद्रीय वित्तमंत्री को दिए गए प्रपोजल पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, 10 महीनों में ही भाजपा की सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। कार्यक्रम तय करना विधायिका का उत्तरदायित्व है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार यह भी नहीं कर पा रही। जिला स्तर में अधिकारियों की बैठक तक राज्यपाल को लेनी पड़ रही है। श्री शुक्ला ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार को स्पष्ट करना चाहिए की सरकार आखिर चला कौन रहा है। संवैधानिक व्यवस्था के विपरीत यदि राजभवन से ही सरकार चलाना है तो ऐसे प्रदेश सरकार का कोई औचित्य नहीं है। तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाकर छत्तीसगढ़ की सरकार को भंग कर देना चाहिए।



## हर मंडल में 200 से ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाने का टारगेट

# प्रदेश में भाजपा का एक लाख सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन का सदस्यता अभियान चल रहा है। इस समय सामान्य सदस्यता का दूसरा चरण चल रहा है। इसके बाद 16 से 30 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता को लेकर अभियान चलेगा। इस बार सक्रिय सदस्य बनने की भाजपा के कार्यकर्ताओं में होड़ लग गई है। हर कार्यकर्ता चाहता है कि उनके लिंक से 50 से ज्यादा सदस्य बन जाए ताकि उनको सक्रिय सदस्य की मान्यता मिल जाए।

हालांकि महज 50 सदस्य बनाने से ही सक्रिय सदस्यता नहीं मिल जाएगी, इसके लिए जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी का भी अनुमोदन लगेगा। प्रदेश संगठन ने एक लाख सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हर मंडल से 200 से ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे। भाजपा के प्रदेश में 405 मंडल हैं। भाजपा का सदस्यता अभियान बूथ



स्तर पर 6 सितंबर से प्रारंभ हुआ है। इसके बाद से तेजी से सदस्य बनाने का काम चल रहा है। अब तक 37 लाख सदस्य बन गए हैं। भाजपा के जो पुराने सक्रिय सदस्य हैं, वे जहां इस प्रयास में जुटे हैं कि वे वापस सक्रिय सदस्यता प्राप्त कर लें, वहीं थोक में नए कार्यकर्ता भी इस प्रयास में हैं कि उनको भी इस बार सक्रिय सदस्यता मिल जाए ताकि उनको भी पार्टी में किसी पद तक पहुंचने का मौका मिल जाए। यही वजह है कि भाजपा का हर कार्यकर्ता इस प्रयास में है कि उनके ही लिंक से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनें। हर कार्यकर्ता अपने लिंक को जहां अपने मित्रों को शेयर करके उनसे सदस्यता लेने का आग्रह कर रहा है, वहीं बूथों में भी जो कार्यकर्ता सदस्य बनाने जा रहे हैं, वे अभी इसी प्रयास में हैं कि उनके लिंक से ही आम लोग भाजपा की सदस्यता ले लें ताकि उनके लिए सक्रिय सदस्य बनने का रास्ता खुल सके।

### सक्रिय सदस्यों को ही मिलता है पद

भाजपा में पार्टी के किसी भी पद के लिए कार्यकर्ता का सक्रिय सदस्य होना जरूरी होता है। सक्रिय सदस्य बनने के लिए 50 सामान्य सदस्य बनाने होते हैं। इसके बाद सक्रिय सदस्य को सौ रुपए का शुल्क देना होता है। लेकिन सिर्फ कोई 50 सदस्य बनाने के बाद सक्रिय सदस्य बन जाएगा ऐसा नहीं है। इसके लिए उस सदस्य के लिए उस जिले के भाजपा के जिलाध्यक्ष के साथ जिले के प्रभारी की सहमति भी जरूरी है। जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी यह देखते हैं कि वास्तव में जो सक्रिय सदस्य बनना चाह रहे हैं वे कितने सक्रिय हैं। देखा जाता है कि ये कार्यकर्ता भाजपा के कार्यक्रमों, आंदोलनों और आयोजनों में आते हैं या नहीं। जो लोग महज पद के लिए सक्रिय सदस्य बनना चाहेंगे, उनके लिए जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी अनुमोदन नहीं करते हैं।

### समीक्षा समिति के संयोजक बने संजय

सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति संयोजक संजय श्रीवास्तव बनाए गए हैं। उन्होंने बताया, आज से 14 अक्टूबर तक जिलों में प्रत्यक्ष रूप से कार्यशालाएं आयोजित होंगी जिसमे प्रदेश के प्रमुख नेता भी शामिल होंगे। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि 1 से 4 नवंबर तक सक्रिय सदस्यता के फॉर्म का सत्यापन व अनुमोदन होगा एवं 5 नवंबर को जिलों द्वारा सक्रिय सदस्यों की सूची जारी की जाएगी। समिति में सांसद रूपकुमारी चौधरी व विकास मरकाम सदस्य बनाए गए हैं। जिला स्तर पर भी इस कार्य हेतु समितियां बनाई गई हैं।

# राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी पर राजभवन में बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के छत्तीसगढ़ के 25 और 26 अक्टूबर दो दिवसीय प्रवास के मद्देनजर राज्यपाल रमेन डेका के निर्देश पर शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार ने बैठक लेकर सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान सभी तैयारियां निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार की जाएं।



### राष्ट्रपति के तय कार्यक्रम

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु 25 और 26 अक्टूबर को एम्स रायपुर, एनआईटी रायपुर, आईआईटी भिलाई और पं. दीनदयाल स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान आयुष विश्विद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। सचिव यशवंत कुमार ने इस दौरान सभी शैक्षणिक संस्थानों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा रायपुर एवं दुर्ग जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, राज्य प्रोटोकॉल के अधिकारियों को भी सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर राज्यपाल की संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम, पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी सभी संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**चारामा।** आदिशक्ति पहाड़ावाली रानी माँ मंदिर समिति ग्राम आंवरी बारहग्राम परिक्षेत्र चारामा में बतौर मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मण्डावी का आगमन हुआ। विधायक के सौजन्य से मंदिर प्रांगण में लोक प्रयाग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अमिता बंजारे सदस्य जनपद पंचायत, ललित नारायण गोटी, रवि शंकर नागवंशी, रासुक लाल, राजकुमारी कोसमा, हिरवेंद्र साहू विधायक प्रतिनिधि, भूषण सिन्हा, ललिता नेताम, महेन्द्र नायक, कृष्णा साहू, विष्णु सिन्हा, झाड़ूराम साहू, सुखीराम सिन्हा, महेश साहू व पूरन जैन उपस्थित रहे।

### हाटकोंदल में दुर्गा प्रतिमा का किया गया विसर्जन



**दुर्गकोंदल।** हाटकोंदल में नवरात्रि पर नौ दिनों तक माता की प्रतिमा विराजित कर पूजा अर्चना के उपरांत दसवें दिन डीजे की धुन पर नाचते मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। नवरात्र के दौरान विविध धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दसवें दिन मां दुर्गा को जसगीत के साथ सेवा अर्जी करते हुए गांव भ्रमण करासा गया। जहां सभी चौक चौराहों में लोगों ने पूजा अर्चना किया और मां की विदाई में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। अंतिम आरती में आम नागरिक श्रद्धालु भक्त शामिल होकर विदाई दिया।

### अभिरुचि समूह किशनपुरी ने रायपुर में बेचा सीताफल



**कांकेर।** कृषि विभाग एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनान्तर्गत गठित राम कृषक अभिरुचि समूह किशनपुरी द्वारा कांकेर वेली फ्रेश सीताफल परियोजना अंतर्गत सीताफल उत्पादन, संग्रहण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग का कार्य किया गया। ए ग्रेड सीताफल का बॉक्स तैयार कर प्रति बॉक्स 100 रूपए की दर से मरिन ड्राइव तेलीबांधा रायपुर में विक्रय किया जा रहा है। बी एवं सी ग्रेड सीताफल को केरेट्स में पैकिंग कर प्रति कैरेट्स 500-600 रुपए की दर से मंडी रायपुर में विक्रय किया जा रहा है। सीताफल संग्रहण दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरहरपुर दिनेश कुमार कुंजाम एवं ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर नरहरपुर रोशन कुमार निषाद द्वारा सीताफल ग्रेडिंग, पैकेजिंग, बाजार व्यवस्था पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### पेन-कापी खरीदकर घर लौटता छात्रा बाइक की ठोकर से घायल, रिपोर्ट दर्ज

**पखांजुर।** आवासपारा में रहने वाले नाबालिक 15 वर्षीय अरूण पुराना बाजार में पुस्तक व पेन खरीदने गया था। पुस्तक व पेन खरीदक वापिस घर आ रहा थी, उसी समय पीछे से मोटर सायकल चालक ने लापरवाही ढंग से चलाते हुए नाबालिक को ठोकर मारकर घायल कर दिया। नाबालिक की माँ की शिकायत पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ 12 अक्टूबर को मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुँची आवासपारा निवासी उर्मिला बाई पति नारायण धाकड़ ने पुलिस को बताया कि मेरा बेटा अरूण धाकड़ उम्र 15 वर्ष अपने घर से पुराना बाजार बुक डिपो में पेन खरीदने गया था। पेन खरीदकर अपने साईड से अपने घर तरफ आ रहा था, तभी सायं लगभग 4 बजे पीछे तरफ से वाहन पल्सर एनएस 125 सीसी चालक सुजन सरकार द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरे पुत्र को ठोकर मार दिया है। ठोकर मारने से मेरे पुत्र के हाथ में गंभीर चोट आया है।

## कुरुद व भखारा में रास-गरबा डांडिया महोत्सव का हुआ समापन

# गरबा में मातृशक्तियों की भागीदारी व सहभागिता झलकती है : अजय

- विजेता प्रतिभागियों का सम्मान कर बांटा गया पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

विवेकानंद इंडोर स्टेडियम प्रांगण कुरुद एवं भखारा के रामलीला मैदान में गरबा समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले नौ दिवसीय रास गरबा डांडिया महोत्सव का समापन विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ हुआ।

नवरात्रि की महानवमी पर प्रतिभागियों ने पारम्परिक गुजराती परिधान केडिया और रंग-बिरंगी आकर्षक वेशभूषा में नगर की आराध्य देवी मां चण्डी की आराधना एवं देवी स्तुति की। गरबा प्रांगण में समिति के मनीष देवांगन ने कोरियोग्राफर की भूमिका निभाई तथा मैदान में गरबा नृत्य का सफल संचालन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गरबा समिति संरक्षक और विधायक अजय चंद्राकर व विशिष्ट अतिथि त्रिलोकचंद्र जैन, आनंद यदु, हरखचन्द जैन, रामगोपाल देवांगन, भारत भूषण पंचायन, योगिता गांधी, भूषण देवांगन, कृष्णकांत साहू ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया तथा प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की। संचालन सूरज देवांगन ने किया। इस आयोजन में पुष्पा तिवारी, वीणा खत्री, प्रसन्न नायडू, प्रतिमा पिल्ले, सुमन बजाज, पूर्वी सुखरामणी, सूरज देवांगन, कशिश जेठानी, भारती सुंदरानी, मनीष देवांगन, मोहन सुखरामणी, दुर्गेश द्विवेदी, योगेश साहू, राहुल वर्द्धयानी, रेखा तिवारी, संगीता श्रीवास्तव, सरिता देवांगन, सरोजनी नाग, रवि तिवारी सहित नगर पंचायत, पुलिस प्रशासन, प्रेस क्लब का सक्रिय सहयोग रहा।





### 16 दिनों तक चला रास गरबा-डांडिया महोत्सव

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि विधायक चंद्राकर ने नगर की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बताते हुए बताते हुए कहा कि सनातन धर्म में संस्कृति और परंपरा ही पूरे देश को राष्ट्रीय एकता के सूत्र में बांधती है। गरबा समिति के आयोजनों में न केवल मातृशक्तियों की अहम भूमिका है अपितु इस प्रकार के आयोजनों से उन महिलाओं को भी सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी और सहभागिता मिलती है जो घरेलू कार्यों में व्यस्त रहती हैं। स्वागत भाषण में प्रसन्न नायडू ने बताया कि विगत 16 दिनों से आयोजित इस रास गरबा डांडिया महोत्सव में गुजरात के अहमदाबाद के प्रशिक्षक सन्नी गिल और उनकी टीम ने नगर एवं क्षेत्र के 600 से अधिक प्रतिभागियों को साप्ताहिक प्रशिक्षण देकर गुजरात के लोकनृत्य गरबा नृत्य में पारंगत किया तथा गरबा की बारीकियां सिखाईं। इस वर्ष प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति, सीसीटीवी कैमरा युक्त परिसर तथा प्रांगण में पुलिस प्रशासन की विशेष व्यवस्था थी।

### महिला वर्ग में श्वेता और पुरूष वर्ग में शुभम प्रथम

प्रतिदिन के बेस्ट परफारमेंस और निर्णायकों की टीम के मूल्यांकन के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। महिला वर्ग में श्वेता चंद्राकर प्रथम, स्मिता चद्राकर और चंद्रकला द्वितीय, पुरूष वर्ग में शुभम उपाध्याय प्रथम, भूषण देवांगन द्वितीय, भुवनेश्वर साहू को सांत्वना, किशोर वर्ग में अमित साहू प्रथम, अमन शर्मा द्वितीय, तुषार साहू, हर्ष नागवंशी, निरंजन देवांगन और गौरव देवांगन को सांत्वना, किशोरी वर्ग से श्रद्धा साहू प्रथम, धात्री कुर्रे द्वितीय, मनीषा राजपूत एवं गोपिका मरकाम तृतीय, युक्ति शर्मा, तृष्ठा चंद्राकर, अदिति सिंह परिहार, वेदिका मुण्डा, वंदना साहू, ज्योति साहू, दक्षिणा सोलंकी, कुमकुम साहू और मानसी साहू को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## शीतला शक्तिपीठ में ज्योत जंवारा का हुआ विसर्जन



- देवी-देवता अपने पूरे स्वरूप में शोभायात्रा में झूमते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शीतला शक्ति पीठ सिहावा में शारदीय नवरात्रि पर ज्योत जंवारा का विसर्जन परम्परानुसार किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ रही। महानवमी की प्रातः सरोवर स्नान के लिये शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शीतला तालाब में पहुंचकर जंवारा का विसर्जन किया गया।

ऋषि पंचमी सेवा मण्डली गणेश घाट द्वारा गाये जा रहे माता सेवा के साथ गढ़ के देवी देवता अपने पूरे स्वरूप में डांग, बाना लिये हुए विसर्जन शोभायात्रा में झूमते रहे। माता तालाब में विधि विधान से विसर्जन उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। नवमी के अवसर पर माता का विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई। फिर माता को भोग लगाकर भण्डारा प्रारम्भ किया गया। समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार ने क्वांर नवरात्रि पर्व पर मिले सहयोग के लिए सभी का आभार माना। मौके पर समिति के संचालक कलम सिंह पवार, सचिव नेमसिंह बिशेन, नरेंद्र नाग, नारद निषाद, बुधेश्वर साहू, गैंदलाल यादव, तुकाराम साहू, गोरख शांडिल्य, गैंदलाल शाण्डिल्य, आचार्य चंद्रहास दुबे, पुजारी ज्ञानसागर पटेल, परमेश्वर नेताम, बलदेव निषाद, राजकुमार निषाद, छबि ठाकुर, रवि ठाकुर, रामलाल नेताम, उत्तम साहू, सचिन भंसाली, गगन नाहटा, भरत निर्मलकर, किशन गजेंद्र समेत बड़ी संख्या में माता के भक्त उपस्थित थे।

### माताओं ने जल अभिसिंचन कर मांगा आशीष

शोभायात्रा में माताओं ने अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए शीतला तालाब से गुंडी में जल लाकर देव विग्रहों व मुख्य ज्योत के सामने जमीन में जल अभिसिंचन कर बारम्बार पेट के बल लेटते रहे जिनके ऊपर से देव विग्रह गुजरते रहे।

## अष्टमी हवन पर नौ कन्याओं का हुआ पूजन

**नगरी।** नगरी ब्लाक के अंतिम छोर पर स्थित स्वयंभू सिद्धिविनायक गणेश, विश्वकर्मा, राधा-कृष्ण एवं शिवजी के मंदिर में शारदीय क्वांर नवरात्रि की अष्टमी हवन पर नौ कन्याओं की पूजा की गई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भण्डारा रखा गया। भक्तों को खीर, पूड़ी व भोजन का वितरण किया गया। दर्शन के लिए सुबह से भक्तों की भारी भीड़ रही। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों का अमूल्य सहयोग रहा।



## छाती में धूमधाम से हुआ प्रतिमा का विसर्जन





**पुरी।** ग्राम छाती के बाजार चौक में लगभग 40-50 वर्षों से नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा रंगमंच में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। मंच को आकर्षक लाइट से सजाया जाता है। प्रतिदिन गांव के भक्त रात्रि तक दर्शन करने पहुंचते हैं। सेवा गीत के माध्यम से माताजी की आराधना की जाती है। दशहरा के दिन हजारों भक्त माता की विदाई में शामिल हुए। यह जानकारी नरेंद्र साहू ने दी है।

## खूब बिके रावण के पुतले



**धमतरी।** सोरिद नगर बस्तर रोड में ऑर्डर पर थोक में रावण के पुतले बनाए गए थे। वहीं गणेश चौक पर बच्चों की रामलीला खेलने के लिए छोटे-छोटे रावण 300 से 400 रूपये में बिक रहे थे।

## शोभायात्रा के बाद देवी मूर्ति व ज्योत-जंवारा का हुआ विसर्जन

- श्रद्धालुओं ने माता को श्रीफल भेंटकर मांगा आशीर्वाद
- नवरात्रि पर 9 दिनों तक श्रद्धालुओं ने की मां की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नौ दिनों तक स्तुति आराधना के बाद कुरुद नगर सहित ग्रामीण अंचल में देवी मंदिरों और घरों के ज्योत जंवारा एवं मूर्ति विसर्जन का सिलसिला शुरू हुआ। नगर की आराध्य देवी मां चंडी एवं शीतला माता का ज्योत जंवारा जलसन तालाब में विसर्जित हुआ। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने माता को श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

नगर की परंपरा के अनुसार शनिवार को सुबह चंडी देवी और शीतला माता के ज्योत जंवारा का विसर्जन ढोलक की थाप के साथ माता सेवा गीत गाते हुए श्रद्धालुओं ने किया और मातारानी को विदाई दी। इस दौरान गांधी चौक, पचरीपारा, नवा तालाब की देवी मूर्ति को भी विसर्जित किया गया। माता के दर्शन करने बड़ी संख्या में नगरवासी पहुंचे थे। ग्रामीण अंचल के ग्राम खैरा, कोकड़ी, कातलबोड़, बारना, मोंगरा, परखन्दा, जोरातराई, सिलौटी, खपरी, चरमुड़िया, चर्रा में भी शुक्रवार व शनिवार को लगातार तीन दिनों तक दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला लगातार देर शाम तक चलता रहा। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ देखी गई।





## दिव्यांग स्कूल के बच्चों ने दी नृत्य की प्रस्तुति

मेघनाथ वध का मंचन देखने उमड़ी भीड़, पुराना स्कूल चौक में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम सिर्री के पुराना स्कूल चौक में मूकबधिर बच्चों का नृत्य प्रदर्शन एवं मेघनाथ वध का मंचन किया गया। यह कार्यक्रम कैलाश देवांगन, राजू नेताम, लिनेंद्र देवांगन एवं जय अम्बे मां दुर्गा युवा समिति के सहयोग से आयोजित किया गया।

शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा संचालित दिव्यांग आवासीय विद्यालय सिर्री के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं मां दुर्गा के दैवीय गीतों पर मनोरम प्रस्तुति दी गई। आकृति मरकाम, खेमराज साहू, डिकेश्वरी साहू, नीलिमा साहू, यशवंत ध्रुव, अर्जुन ध्रुव, प्रीतम पाल, चुनीलाल साहू आदि शामिल रहे। दिव्यांग स्कूल के बच्चों को कॉपी पेन भेंटकर सम्मानित किया गया। स्टाफ का भी पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया। इसके साथ ही गांव के युवाओं एवं बच्चों द्वारा मेघनाथ वध की नाट्य लीला प्रस्तुति दी गई। धवल साहू ने श्रीराम, पोखराज यादव ने लक्ष्मण, तोषल साहू ने मेघनाथ का किरदार निभाया। कार्यक्रम देखने दर्शकों की भीड़ उमड़ी। बजरंग मानस मंडली द्वारा दोहा चौपाई सहित भजन की गायन की प्रस्तुति दी गई जिसमें रोहित निर्मलकर, कलीराम ध्रुव, घनश्याम पटेल आदि सदस्य लोग शामिल रहे। मंच का संचालन भूपेंद्र साहू ने किया।

मौके पर दिव्यांग आवासीय विद्यालय के डॉ. मनोज साहू अध्यक्ष, मनीषा नेताम अधीक्षक, गीतेश्वरी साहू, पुष्पा निषाद, प्रियंका नागवंशी, मनीषा साहू, संजू नागवंशी, उमा नागवंशी, जानकी ध्रुव, एनकुमारी साहू, खिलेश्वरी ध्रुव, आयंती कावड़े सहित राजू नेताम, लिनेंद देवांगन, जय अम्बे दुर्गा युवा समिति के सदस्य उपस्थित थे।





### शाला के विकास पर की चर्चा

**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यार्थियों की उपस्थिति, घर में पढ़ाई लिखाई के स्थान, समय, गृहकार्य में बच्चों एवं पालकों की रुचि, परीक्षा परिणाम, पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई।

## राजस्थान के दो अफीम तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नहरनाका के पास अफीम बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे राजस्थान के दो तस्करों को कोतवाली व साइबर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार सिटी कोतवाली को मुखबिर से सिहावा रोड नहर नाका चौक में दो व्यक्ति को अफीम बेचने ग्राहक तलाशने की सूचना मिली। सूचना पर कोतवाली व साइबर सेल की टीम तत्काल नहरनाका चौक पहुंची। यहां आरोपी बाबूराम विश्नोई व पेयाराम विश्नोई के कब्जे से एक काला रंग का बैग बरामद किया। तलाशी के दौरान बैग के भीतर से टेप लगा पैकेट बरामद किया गया। इसमें मादक पदार्थ अफीम रखा हुआ था। बरामद अफीम का वजन 680 ग्राम कीमत 72 हजार रुपए है। पुलिस ने आरोपी बाबूराम विश्नोई पिता मयाराम 59 वर्ष व पेयाराम विश्नोई पिता अणदाराम 55 वर्ष दोनों हेमनगर जोलियाली थाना झवर जिला जोधपुर राजस्थान निवासी को धारा 17/बी एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

इस कार्रवाई में कोतवाली पुलिस राजेश मरई, साइबर प्रभारी सन्नी दुबे, एएसआई संतोषी, आरक्षक योगेश नाग, कृष्णा पाटिल, रूपेश साहू, मुरली पटेल, जसवंत साहू, नीरज ठाकुर व टिकेश्वर नेताम का योगदान रहा।








राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पतोरा में दशहरा महोत्सव आज

**छुईहा बेलर।** ग्राम पतोरा में प्रति वर्ष मनाये जाने वाले वार्षिक दशहरा महोत्सव 13 अक्टूबर को हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। इस दौरान संध्या रावण पुतला दहण कार्यक्रम होगा। दशहरा के उपलक्ष्य में रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी खुदनी जिला बालोद की कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी ग्राम पंचायत पतोरा के सरपंच प्रतिनिधि उदेराम साहु ने दी।

### घर के सामने से बाइक चोरी

**महासमुंद।** तेंदूकोना में बाइक चोरी की घटना हुई है। घटना को लेकर प्रार्थी विमलेश साव निवासी साल्हेभाठा ने बताया कि उसका घर तेंदूकोना में पिथौरा से बागबाहरा जाने के मार्ग किनारे में है। 10 अक्टूबर की रात में घर के सामने अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी06जीजेड 4062 को रखा था। लेकिन सुबह 6 बजे के करीब देखने पर बाइक वहां नहीं थी। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** मोटर साइकिल तेज चलाने की बात पर एक युवक के साथ 4 लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अशोक चौहान पित्ता दुरबल चौहान (19 साल) पलसापाली 10 अक्टूबर को भस्करापाली दुर्गा कार्यकम देखने गया था । कार्यकम देखने के बाद रात्रि करीब साढ़े 12 बजे अपने दोस्त समीर चौहान के साथ ग्राम पलसापाली वापस आ रहा था। भस्करापाली और धूपेनडीह के मध्य राजू चौहान ग्राम धूपेनडीह, मनोज पटेल, तेजराज पटेल भस्करापाली अपने बाइक में आए और प्रार्थी को मोटरसाइकिल तेज क्यों बला रहा है कहते हुए गाली गलौज करने लगे। इसके बाद आरोपी राजू चौहान, मनोज पटेल, तेजराज पटेल व एक अन्य साथी मारपीट करने लगे। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की है।

### पुण्यतिथि पर लोहिया को किया याद

**महासमुंद।** समाजवादी चिंतक जननायक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई गई। उपस्थित लोगों ने उनके स्थानीय लोहिया चौक में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। दाऊलाल चंद्राकर ने कहा कि स्वतंत्र भारत की राजनीति और चिंतन धारा पर जिन गिने-चुने लोगों के व्यक्तित्व का गहरा असर हुआ है, उनमें डॉ. राम मनोहर लोहिया प्रमुख रहे हैं। भारत के स्वतंत्रता युद्ध के आखिरी दौर में उनकी भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण रही है। कहा कि भारतीय राजनीति और आजादी की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने वाले डॉ. राम मनोहर लोहिया का पूरा जीवन उतार और चढ़ाव से भरा है। आज उनके आदर्श और नाम पर देश में हम सक्रिय है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दाऊलाल चंद्राकर, अशोक शर्मा साहित्यकार, राजेश जैन, बिहारी पटेल, नारायण नामदेव, शाहबाज राजवानी, मानक नामदेव, सोनू नामदेव, मनोज जैन, खोराम ठाकुर, रामचंद्र धीवर आदि उपस्थित रहे।


## लीला : डमरु वादन एवं बैगाओं की प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

# रामलीला में नौवें दिन सती सुलोचना परीक्षा का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

रामलीला मंचन के नौवे दिन देवी लीला का भव्य मंचन दिखाया गया। इसमें अहिरावण वध-सतीसुलोचना का मंचन किया गया। देवी की शानदार झांकी प्रस्तुत की गई। यह देवी लीला भाटापारा ही नहीं अपितु छत्तीसगढ़ में अद्भुत रामलीला मंचन के लिए प्रसिद्ध है, जिसे देखने आसपास से लगभग 15000 से अधिक दर्शक रामलीला मैदान में इकट्ठे होते हैं। आदर्श रामलीला नाटक मंडली 105 में वर्ष के नौवें दिवस में भगवान रामजी की आरती में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए।

इसमें गुप्ता समाज, माहेश्वरी समाज, अग्रवाल समाज, जैन समाज, केशरवानी समाज एवं सदर बाजार व्यापारी संघ उपस्थित था। प्रकाश मोदी ने कहा कि बाल कलाकारों की अभिनय क्षमता अद्भुत है। इन कलाकारों के माता-पिता भी धन्यवाद के पात्र हैं। वल्लभ लाहोटी ने रामलीला समिति को बधाई दी व 105 वर्ष के मंचन की सफलता की कामना की। सदर बाजार व्यापारी संघ द्वारा सभी बाल कलाकारों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



### अहिरावण वध की लीला देखी गई

आरती में सतीश अग्रवाल, जगन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, मनीष बंसल, शिव कुमार दम्मानी, तरुण मूंधड़ा, राजेश झंवर, सुभाष गुप्ता, शिवनारायण गुप्ता, प्रकाश मोदी एवं प्रदीप टाटिया व जैन समाज के प्रमुख लोग गरीबा केशरवानी, प्रदीप केशरवानी, राजा केशरवानी, गुलाबचंद गोलछा आदि उपस्थित रहे। रामलीला संरक्षक मंडल सदस्य अनिल चांडक, संतोष अग्रवाल, सत्यनारायण जोशी भी उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा अहिरावण वध की लीला देखी गई। शानदार प्रस्तुति देवी के दर्शन देवी की झांकी ने दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। इस रामलीला में निरंतर नयापन समय के साथ बदलाव को लोगों को काफी प्रशंसा मिली। व्यवस्था में राहुल जोशी, धनंजय तिवारी, अभिषेक मिश्रा एवं टीम का सहयोग प्रशंसनीय रहा। अहिरावण के रूप में कोमल शर्मा की अदाकारी ने खुब तालियां बटोरी। महाकाल मंदिर नगर पालिका के कलाकारों द्वारा अद्भुत डमरू वादन प्रस्तुत किया गया एवं विभिन्न वेशभूषा में सजकर अलग-अलग तरीके से देवी के भक्ति करने वाले बैगा लोगों का रूप देखकर दर्शकों एवं बच्चों को आनंद एवं अद्भुत रोमांच का अनुभव हुआ।

# मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवरात्रि पश्चात एक ओर दिन भर शहर में गली मोहल्लों में विराजित दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर चलता रहा वहीं शाम होते ही शहरवासियों का हूजूम दशहरा मैदान में उमड़ पड़ा। ढोल ताशे और मांदर की थाप और जसगीत के बीच झूमते हुए शहरवासियों ने माता को अंतिम विदाई दी। दशहरा के दिन भी जगह-जगह भंडारे का आयोजन हुए।

बता दें कि शहर की अधिकतर



प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को महामाया तालाब में हुआ। दिन भर यहां विसर्जन के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों से दुर्गोत्सव समितियां पूरे उल्लास के साथ प्रतिमाओं को विसर्जित करने पहुंचती रही। इस दौरान पुलिस के चाक चौबंद व्यवस्था के बीच किसी अप्रिय घटना का समाचार प्राप्त नही हुआ। बता दें कि शहर के मुख्यमार्ग में यातायात सुगम हो इसके लिए भी लगातार पुलिस जवानों की ड्यूटी लगी रही जो आने जाने वाले वाहनों को निर्देशित करते रहे।

# क्षेत्र में चार नये स्थानों पर होगी धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

आगामी नवंबर माह में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हो जाएगी। वर्तमान कई क्षेत्रों में नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोले जाने की नितांत आवश्यकता है, ताकि किसान पास में ही अपनी उपज बिना किसी समस्या के विक्रय कर सकें। क्षेत्र के सिमगा विकासखण्ड के ग्राम केशदा, चौरेंगा, कुकराचुंदा एवं भाटापारा विकासखंड के ग्राम मोपर में नवीन उपार्जन केंद्र खोलने की जरूरत को देखते हुए उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने मंत्री केदार कश्यप एवं कलेक्टर को पत्र लिखा है। शिवरतन शर्मा ने मंत्री एवं कलेक्टर को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत केशदा, चौरेंगा, कुकराचुन्दा एवं मोपर में किसानों के हित में नवीन धान उपार्जन केंद्र आवश्यक है। किसानों को वर्तमान में अधिक दूरी तय कर धान विक्रय करने जाना पड़ता है, जिसके कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त पंचायतों में नवीन धान उपार्जन केन्द्र खुल जाने से यहां के किसानों को धान विक्रय करने में सुविधा होगी। किसानों की सुविधा को देखते हुए उक्त पंचायतों में नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोलने का आग्रह किया है।



- उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा की पहल पर सहकारिता मंत्री कश्यप ने लगाई मुहर

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के निम्न स्थानों पर नवीन सेवा सहकारी समिति का गठन करने का आग्रह स्वीकार कर उन्होंने कहा के सभी स्थानों पर शिवरतन शर्मा के आग्रह पर नवीन सहकारी समिति शीघ्र ही खोली जाएगी। आने वाले समय में जो किसानों को समस्या आ रही थी उससे उन्हें निजात मिलेगी।

साथ ही चार स्थानों ग्राम खैरी (आर), ग्राम टिकुलीया, ग्राम कोलिहा, ग्राम चौरेंगा में नवीन सोसाइटी भी शिवरतन शर्मा की अनुशंसा से शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी। उक्त स्थानों के लिए भी मंत्री केदार कश्यप ने सहमति प्रदान की है। इन स्थानों में नवीन सोसाइटी खुल जाने से किसानों को सुविधा प्राप्त होगी।

# पुण्यतिथि पर लोहिया को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समाजवादी चिंतक जननायक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई गई। उपस्थित लोगों ने उनके स्थानीय लोहिया चौक में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। दाऊलाल चंद्राकर ने कहा कि स्वतंत्र भारत की राजनीति और चिंतन धारा पर जिन गिने-चुने लोगों के व्यक्तित्व का गहरा असर हुआ है, उनमें डॉ. राम मनोहर लोहिया प्रमुख रहे हैं। भारत के स्वतंत्रता युद्ध के आखिरी दौर में उनकी भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण रही है। कहा कि भारतीय राजनीति और आजादी की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने वाले डॉ. राम मनोहर लोहिया का पूरा जीवन उतार और चढ़ाव से भरा है। आज उनके आदर्श और नाम पर देश में हम सक्रिय है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दाऊलाल चंद्राकर, अशोक शर्मा साहित्यकार, राजेश जैन, बिहारी पटेल, नारायण नामदेव, शाहबाज राजवानी, मानक नामदेव, सोनू नामदेव, मनोज जैन, खोराम ठाकुर, रामचंद्र धीवर आदि उपस्थित रहे।

### खरोरा में जसगीत की धुन में झूमे लोग

**खरोरा।** ग्राम खरोरा में सामाजिक नवदुर्गा समिति बस्ती पारा, इंदिरा नगर व लोहारपारा में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं व ज्योत-जंवारा का विसर्जन किया गया। इससे पहले मांदर की थाप पर सेवा व जसगीत के साथ प्रमुख चौक-चौराहे से विसर्जन यात्रा गुजरी। इसी तरह नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति खरोरा में माता दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन खरोरा तालाब में किया गया। इसी तरह ग्रामवासियों ने जय अम्बे जय भवानी के जयकारे के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।



# बेलसोंडा के शीतला मंदिर में हुआ हवन-पूजन एवं कन्या भोज, आयोजन में ग्रामीणों ने दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा के शीतला माता मंदिर में विधि विधान से हवन पूजन एवं कन्या भोज का कार्यक्रम हुआ। मां शीतला विकास समिति के अध्यक्ष शत्रुहन साहू ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग एवं गांव की प्रथम नागरिक भामिनी पोखन चंद्राकर के कुशल मार्गदर्शन तथा समिति के सभी सदस्यों का स्वस्फूर्त सहयोग प्राप्त हुआ। समिति के कोषाध्यक्ष उदेराम साहू ने बताया कि सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर के कार्यकाल में सभी वर्गों को मुख्य जजमान के रूप में माता चरणों में बैठने का सुअवसर प्राप्त हुआ। समिति के उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत चंद्राकर तथा सचिव प्रकाश साहू ने बताया कि जिन जिन लोगों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ उन्हें मातारानी की फोटोफ्रेम स्मृति चिन्ह स्वरूप प्रदान किया गया है। सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने हवन पूजन कार्यक्रम तथा कन्याभोज में पधारे सभी लोगों को इसी प्रकार सभी कार्यों में स्वस्फूर्त आने के लिए निवेदन किया। कार्यक्रम में विजया दीदी, तुलसीराम सेन, महेश चंद्राकर, दुखु देवांगन, दिलीप चौहान, संतोष चंद्राकर, परस चंद्राकर, पुरुषोत्तम चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, बिसहत चंद्राकर, प्रेमलाल चंद्राकर, आनंदराम यादव, शुभम चंद्राकर, निधि चंद्राकर, खोरबाहरा बैगा, नरेंद्र सोनी एवं गीता सोनी आदि मौजूद रहे।

### एमकेबाहरा में भक्तों ने धारण किए सांग

ग्राम एमकेबाहरा में दुर्गा प्रतिमा एवं ज्योति कलशों को सांग बाना डीजे धुमाल में थिरकते भक्तों ने पूरे विधि विधान से तालाब में विसर्जन किया गया।



इस मौके पर जसगीत और मांदर के धुन पर श्रद्धालुओं ने माता की भक्ति के साथ आराधना की।

# बिरकोनी में जंवारा का विसर्जन

**महारसमुंद** ।ग्राम बिरकोनी में दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा शनिवार को ग्राम के मुख्य मार्गों से निकाली गई। बाजार चौक स्थित विराजित दुर्गा प्रतिमा की सुबह 8 बजे पूजा आरती की। मादर के धुन व जसगीत सेवा गीत, भजन कीर्तन के साथ कुल देवी दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। इस दौरान महिलाओं ने जंवारा शोभायात्रा का स्वागत आंगन में द्वार बना कर किया।

रास्ते पर पुष्प वर्ष के साथ फूल आरती सजा कर माता की जयकारे लगाए। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही। अनेक भक्तों ने शरीर के विभिन्न अंगों में सांग बाना लेने वाले भक्त आकर्षक के केंद्र रहे। ज्योत जंवारा का शोभायात्रा बाजार चौक से साहू पारा, राममंदिर चौक से होते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे। जिसमें महिलाएं देवी मां की भजन गाती हुई चलती रही। शरीर में सांग, बाना धारण किए माता के भक्तों का उत्साह झूमते हुए देखा गया। गांव के छोटे तालाब में विसर्जन विधि विधान से हुआ। तालाब के चारों ओर श्रद्धालुओं की कतार माता के अंतिम दर्शन के लिए लगी रही।



## गुरुकुल आश्रम आमसेना में आर्यवीर दल ने किया ओम ध्वजारोहण

# विजयादशमी पर्व के दौरान आर्य वीर दल शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुरुकुल आश्रम आमसेना खरियार रोड में 12 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे दशहरा विजयदशमी के अवसर पर आर्य वीर दल शिविर स्वामी डॉ देवव्रत के पावन सानिध्य में आरंभ हुआ। वेद मंत्रों के साथ ओम ध्वजा को ध्वजारोहण करने के उपरांत शिविर के अध्यक्ष स्वामी धर्मानंद सरस्वती के पावन सानिध्य और आशीर्वाद से कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ।

इस अवसर पर स्वामी व्रतानंद सरस्वती ने अनुशासन के ऊपर अपने वक्तव्य रखें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आनंद कुमार आर्य वीर दल के उद्देश्य संस्कृति रक्षा शक्ति संचय और सेवा कार्य को ध्येय तथा जीवन का आदर्श प्रतिष्ठापित करने के लिए शिविरार्थियों को अनुरोध किया। इस अवसर पर ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड एवं अन्य राज्यों के 300 शिवार्थियों ने भाग लिया है। इन्हें प्रशिक्षित करने के लिए संतोष कुमार, आचार्य कोमल, दिलीप, आचार्य अनंत, श्रीयुत गोपी की योगेंद्र उपाध्याय, रूपेश सहित अनेक लोगों ने आशीर्वाद दिया। आर्य वीर दल के संचालक डॉ कुंजदेव मनीषी के पावन संयोजन में यह कार्यक्रम संचालित हुआ। शिविर के दौरान बच्चों को व्यायाम योगासन लाठी चाकू कराटे यज्ञों एवं विभिन्न प्रकार के जीवन के उन्नति विषयक प्रशिक्षण दिए जाएंगे। सनातन धर्म को पुनः प्रतिष्ठा करने के लिए। शांति सम्पन्नता उत्तम स्वास्थ्य समाज राष्ट्र निर्माण विज्ञान के साथ पूर्ण रूप से प्रशिक्षण देने के लिए यह कार्यक्रम आर्य समाज की ओर से चलाया जा रहा है।



online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से
18 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025, 07 जून से 13 जून 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9, 100/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411